हाई कोर्ट ने पूर्व न्यायाधीश कल्याण एसोसिएशन की याचिका पर मांगा जवाब

# जिला न्यायालय के अनुमोदन के बिना क्यों जारी कर रहे भत्ता राशि

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जिला न्यायालयों के पेंशन प्राप्त सेवानिवृत्त जजों की एसोसिएशन की याचिका पर राज्य शासन सहित अन्य से जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले की अगली सुनवाई 29 अक्टूबर को नियत की । मामला जिला न्यायालय के अनुमोदन के बिना भत्ता राशि जारी न किए जाने के रवैये को चुनौती से संबंधित है।



याचिकाकर्ता पूर्व न्यायाधीश कल्याण एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ता हितेश शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि वर्ष 2005 के बाद जिला न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीशों को पेंशन का लाभ नहीं मिलता है। इसके पूर्व के न्यायाधीशों को पेंशन के अलावा अलग-अलग भत्ते के तौर पर राशि प्रदान की जाती थी। वर्ष 2005 के बाद सेवा में आए न्यायाधीशों ने सेवानिवृत्ति के बाद भत्ता राशि जो वर्तमान में 15 हजार रुपये है, उसे प्रदान करने राज्य सरकार के समक्ष अभ्यावेदन पेश किया था। राज्य सरकार ने अलग-अलग मद में मिलने वाले भत्ता राशि सेवानिवृत्त सभी जिला न्यायाधीशों को प्रदान करने के आदेश जारी किए थे। इसके साथ सरकार ने यह भी शर्तें निर्धारित कर दी कि राशि प्रदान करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अनुमोदन प्रतिवर्ष आवश्यक है।

याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से पूर्व सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश की उम्र 80 साल से अधिक है। जिला व सत्र न्यायालय के अनुमोदन के लिए उन्हें प्रतिवर्ष उसे जिला में जाना होना, जहां उनकी पदस्थापना है। इसके पूर्व उन्हें सिर्फ बैंक में अपने जीवित होने का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होता था। सरकार के संशोधित नियमों के कारण उन्हें भत्ते के रूप में मिलने वाली राशि जारी नहीं की गई है। सरकार का नया नियम वृद्धावस्था में उन्हें परेशान करने वाला है।

## जिला बार एसोसिएशन भूख हड़ताल के निर्णय पर अडिग

जबलपुर। जिला बार एसोसिएशन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 सितंबर से भूख हड़ताल पर जाने के निर्णय पर अडिग है। इस सिलसिले में हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश को पत्र के जरिए सूचित कर दिया गया है। जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आडिटोरियम का निर्माण लंबे समय से लंबित है। इससे बार एसोसिएशन को परेशानी हो रही है। कार्यक्रमों का आयोजन अपेक्षाकृत गरिमामय तरीके से नहीं हो पाता। इसी तरह चार में से दो लिफ्ट खराब हैं। इससे वकीलों को दिक्कत हो रही है। झंडा वंदन वाला ओपन स्पेस भी कवर नहीं किया जा रहा है। बैठक व प्रसाधन की असुविधा भी बनी हुई है। महिला वकीलों के लिए बेहतर सुविधा की कमी है। वाई फाई भी संचालित नहीं है। इन तमाम समस्याओं से वकील हलकान हैं। कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।

## जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर सजा व जुर्माना

जबलपुर । प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी डीपी सूत्रकार की अदालत ने जबलपुर निवासी राहुल उर्फ काला को जिला बदर के आदेश का उल्लंघन करने का दोषी पाया। कोर्ट ने उसे चार माह के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक हजार रुपये जुर्माना लगाया। अभियोजन की ओर से एडीपीओ अरुणप्रभा भारद्वाज ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित एक शातिर बदमाश है। जिसे कोतवाली पुलिस ने मारपीट व अवैध हथियार रखने के मामले में 17 जनवरी, 2021 को हिरासत में लिया था। आरोपित के अपराधिक रिकार्ड को देखते हुए 14 अगस्त, 2020 को उसे जबलपुर सहित आसपास के जिलों की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष के लिए निष्कासित किया गया था। आदेश की तामीली 19 अगस्त, 2020 को करा दी गई थी। आदेश का उल्लंघन करते हुए आरोपित को गौरीघाट के ललपुर क्षेत्र से पुलिस ने 20 नवंबर, 2020 को गिरफ्तार किया था। जिसके विरुद्ध मध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई थी। पूरे मामले का अवलोकन करने के बाद अदालत ने आरोपित को सजा सुना दी।

# सांसदों की बैठक.. मीडिया से किस बात का परहेज.....?

## आखिर क्या छुपा रहा है महाप्रबंधक और मण्डल कार्यालय

हरिभूमि, जबलपुर।

कहने को तो जबलपुर रेलवे का जोन है, यहां पर पश्चिम मध्य रेलवे की योजनाओं को साकार रूप दिया जाता है, परंतु जनमानस को इस बात का पता ही नहीं चलता कि रेलवे द्वारा उनके लिए क्या योजनाएं बनाई गई हैं। इसका सबसे बड़ा कारण पश्चिम मध्य रेलवे का महाप्रबंधक कार्यालय की मीडिया से दूरी बताई जा रही है। दरअसल बुधवार को मण्डल रेल जबलपुर के अंतर्गत आने वाले सभी सांसदों की बैठक का आयोजन एक आलीशान होटल में किया गया। आयोजन का जीएम और डीआरएम कार्यालय ने मीडिया संस्थानों का जानकारी देना तो दूर भनक भी नहीं लगने दी। जबकि इस आयोजन में मध्य भारत के तमाम सांसद और उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिससे सवाल उठने लगा है कि आखिर रेल महाप्रबंधक और डीआरएम क्या छुपाना चाहते हैं।

गौरतलब है कि पमरे और जबलपुर रेल मंडल द्वारा शहर के आलीशान होटल में सांसदों की बैठक का आयोजन किया, इस दौरान इस बैठक में सांसद गणेश सिंह, आशीष दुबे, दर्शन सिंह चौधरी, राहुल सिंह लोधी, डॉ. राजेश मिश्रा तथा राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया सहित सांसदों के प्रतिनिधि शामिल रहे। बैठक में पमरे जीएम बंदोपाध्याय ने रेलवे द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का विस्तार से ब्यौरा दिया।

**अभी तक नहीं आया 11 हजार करोड़ रुपये की पिंक बुक का ब्यौरा**

### 11 हजार करोड़ की पिंक बुक

सूत्रों का कहना है कि बजट आये लगभग सात माह का समय हो गया है, लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की पिंक बुक भी आ चुकी है। परंतु उसका ब्यौरा अभी तक नहीं मिल पाया कि पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में क्या कार्य होना है, या उसमें कितने कार्य प्रगति पर हैं। यही नहीं जबलपुर रेलवे स्टेशन के लिए लगभग तीन वर्ष से डिजाइन तैयार हो रही है, इसका भी टेंडर अभी तक जारी नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक पहले यह कार्य लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से होना था, अब उसकी लागत में भी कटौती हो गई।

### प्रक्रिया में नहीं है मीडिया को बुलाना

अधिकारियों की मानें तो उनका कहना है कि जबलपुर मण्डल की बैठक है, इस बैठक में मीडिया को बुलाना प्रक्रिया में शामिल नहीं है। वहीं अगर बात करें तो मीडिया सांसदों से या जनप्रतिनिधियों से अपने क्षेत्र में चल रहे रेलवे के कार्यों के संदर्भ में अधिकारियों से चर्चा एवं सांसदों से सवाल जवाब हो सकते थे।

# अंशिका ने 1250 फीट की ऊंचाई से विमान से कूदकर प्राप्त की सफलता

**जबलपुर।** ए.पी.एन. महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट अंशिका शिवहरे ने हाल ही में आगरा वायुसेना स्टेशन के एयर बेस पर आयोजित 23 दिवसीय पेरा बेसिक फोर्स प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान अंशिका ने 1250 फीट की ऊचाई से विमान पैराशूट के माध्यम से कूदने का अभ्यास किया।

उन्हें एनसीसी के विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिला, जिसमें पूरे भारतवर्ष से चुनिंदा कैडेट्स ने शिरकत की। अंशिका को एएन-32 विमान में बैठाकर उड़ान भरी गई और इसके बाद 1250 फीट की ऊचाई से पेराशूट के माध्यम से कूदने का साहसिक कदम उठाया। इस कड़ी मेहनत और साहसिक प्रयास के साथ वह लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह के साथ जम्प लगाई।इस विशेष प्रशिक्षण में केवल



1 एमपी बटालियन की अंशिका ही चयनित हुई थी, जो इस उपलब्धि को प्राप्त करने वाली एकमात्र कैडेट बनीं। महाविद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय 1 एमपी बटालियन के कमांडिंग अधिकारी कर्नल समीर बोडस को दिया। महाविद्यालय के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने समस्त 1 एमपी बटालियन के साथ एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) दिव्या पाराशर को भी इस सफलता के लिए बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, डायरेक्टर मयंक श्रीवास्तव और प्राचार्या डॉ. सोनल खरे ने अंशिका को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

**-हनुमानताल तालाब और ग्वारीघाट भटौली विसर्जन कुंड का किया संयुक्त निरीक्षण**

# कलेक्टर, कप्तान और नगर निगम कमिश्नर ने लिया घाटों का जायजा

हरिभूमि, जबलपुर।

दुर्गोत्सव समापन के अवसर पर होने वाली प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बुधवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय एवं नगर निगम कमिश्नर राम प्रकाश अहिरवार ने अधिकारियों के साथ हनुमानताल तालाब एवं ग्वारीघाट भटौली विसर्जन कुंड का निरीक्षण किया।

### नहीं होनी चाहिए अव्यवस्था-असुविधा

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने साफ-सफाई, पहुंच मार्ग की दुरुस्ती, प्रकाश व्यवस्था, नाविकों की तैनाती और पार्किंग व्यवस्था जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि विसर्जन के दिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा नहीं होनी चाहिए, इसके लिए संबंधित विभाग तुरंत कार्रवाई करें।

### सुरक्षा, सफाई को मिले प्राथमिकता

कप्तान उपाध्याय ने सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण और घाटों पर पुलिस बल की तैनाती सख्ती से सुनिश्चित की जाए। वहीं नगर निगम कमिश्नर अहिरवार ने साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था के लिए फील्ड अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



### यह रहे उपस्थित

निरीक्षण के दौरान एएसपी सिटी आयुष गुप्ता, एएसपी जोन-2 पल्लवी शुक्ला, एसडीएम गोरखपुर, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटैरिया, सीएसपी गोरखपुर एमडी नागोतिया, टीआई हनुमानताल धीरज राज, टीआई ग्वारीघाट सुभाष चंद्र बघेल समेत प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।



# 310 प्रशिक्षणार्थियों ने 'आंतरिक शुद्धि' सत्र में लिया हिस्सा

हरिभूमि, जबलपुर।

**- 6वीं वाहिनी विसबल में हार्टफुलनेस मेडिटेशन का सफल आयोजन**

पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार पुलिस जवानों के मानसिक तनाव को दूर कर उन्हें आंतरिक शांति प्रदान करने के उद्देश्य से हार्टफुलनेस मेडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन पुलिस इकाइयों में किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 सितंबर को 6वीं वाहिनी विसबल में ध्यान का दूसरा सत्र 'आंतरिक शुद्धि' सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। सेनानी 6वीं वाहिनी सिद्धार्थ चौधरी के निर्देशन में आयोजित इस सत्र में वाहिनी की प्रशिक्षण शाला के 310 प्रशिक्षणार्थियों एवं प्रशिक्षक दल ने भाग लिया।

### प्रशिक्षित प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण

ध्यान सत्र का संचालन हार्टफुलनेस आश्रम जबलपुर से पधारे सेवा निवृत्त मेजर जनरल आनंद मुद्रे और वाहिनी के प्रशिक्षित प्रशिक्षक आरक्षक सुरेंद्र विश्वकर्मा द्वारा कराया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को ध्यान की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराते हुए मन की शांति, सकारात्मक सोच और कार्यक्षमता में वृद्धि के उपाय बताए गए।

### नियमित अभ्यास से रहे तनाव मुक्त

कार्यक्रम के दौरान जवानों ने सामूहिक ध्यान कर मानसिक तनाव को दूर करने और आत्मिक संतुलन बनाने का अनुभव साझा किया। आयोजकों का कहना था कि नियमित अभ्यास से पुलिस जवान न केवल तनाव मुक्त रहेंगे बल्कि अपनी ड्यूटी और अधिक प्रभावी ढंग से निभा सकेंगे।

### इनका कहना है-

पुलिस बल के जवान दिन-रात कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी निभाते हैं। ऐसे में हार्टफुलनेस मेडिटेशन उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

-सिद्धार्थ चौधरी, सेनानी 6वीं वाहिनी विसबल

# गहोई समाज का गरबा महोत्सव सम्पन्न

**जबलपुर।** श्री गहोई वैश्य समाज पंचायत के तत्वाधान में नारी मंडल एवं नवयुवक मंडल द्वारा बुधवार, 24 सितम्बर 2025 को दमोह नाका स्थित एम.जी.जी. मैरेज पैलेस ग्राउंड में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि समाज सेवी श्री सौरभ बड़ेरिया, चेयरमैन, ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं अपोलो हॉस्पिटल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री श्याम सोहाने, अध्यक्ष, गहोई चेम्बर ऑफ कॉमर्स और आर.एन. पहारिया, अध्यक्ष, तक्षशिला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। समारोह की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष इंजी. राम गोपाल ददरिया ने की, जिसमें समाज के पूर्व अध्यक्षों, वर्तमान पंच शम्भूदयाल बड़ेरिया और विजय सुहाने की उपस्थिति रही।

गरबा महोत्सव के संयोजकगण नारी मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मेघा बड़ौन्या, मंत्री श्रीमती हर्षना तीतबिलासी और नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अभिषेक ब्रिजपुरिया, मंत्री अभिषेक गेड़ा के मार्गदर्शन में देवी आराधना और आरती से गरबा महोत्सव की शुरुआत की गई। इसके बाद एकल, सामूहिक डांस, डांडिया डांस और गरबा में सभी प्रतिभागियों ने उत्तम प्रदर्शन किया, जिसे सभी ने सराहा।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरुण सरावगी, इंजी. अरुण खर्द, सुभाषचंद्र रावत, डॉ. अरुण रावत, गोपाल दास नीखरा, ब्रजबिहारी नगरिया, सुनील कुरेले, विजय सरावगी, श्याम बिहारी चैदहा, डॉ. श्रीकृष्ण बिलैया, इंजी. कमलकांत गुप्ता, अजय रावत, राकेश सिजारिया, रीतेश खरया, राजू बांगर, नवीन बड़ेरिया, रवि बड़ौन्या, संतोष सुहाने, एड. अशोक गुप्ता, उत्तमचंद बिलैया, अशोक नौगरैया, कैलाश लहरिया और सभी पंचगणों का उल्लेखनीय योगदान रहा।कार्यक्रम के संचालन का कार्य श्रीमती मेघा बडौन्या ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीमती हर्षना तीतबिलासी ने किया। इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों और पूर्व महासभा अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ददरया, श्रीमती रश्मि पहारिया, डॉ. शोभना बिलैया, उर्मिला सिपौलया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।





**कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश, मंत्री राकेश सिंह ने जताया गहरा दुख, पीड़ित परिवारों को मिलेगी आर्थिक सहायता**

तिलवारा थाना अंतर्गत बरगी हिल्स में दर्दनाक हादसा

# करंट की चपेट में आए दो मासूम, मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

तिलवारा थाना अंतर्गत बरगी हिल्स में बुधवार की रात एक हृदय विदारक हादसे ने शहर को झकझोर दिया। दरअसल बरगी हिल्स स्थित दुर्गा पंडाल के बाहर विद्युत सजावट के लिए लगाए गए तार में करंट फैलने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। यह हादसा इतना अचानक हुआ कि लोग कुछ समझ ही नहीं पाए और देखते ही देखते खुशियों के बीच मातम पसर गया। टीआई बृजेश मिश्रा ने बताया कि रात करीब 9 बजे चीफ इंजीनियर ऑफिस के सामने सड़क किनारे लगे बिजली के तार के संपर्क में आने से छह वर्षीय आयुष झारिया पिता आशीष झारिया और 10 वर्षीय वेद सेन पिता विपिन सेन करंट की चपेट में आ गए। दोनों बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मृतक बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया।





### कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

घटना की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने तत्काल जांच के आदेश जारी किए। उन्होंने एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया है। इस दल में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ (ईएंडएम) एसके शर्मा और पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री दिनेश पाल को सदस्य बनाया गया है।

### तीन दिन के अंदर देनी होगी रिपोर्ट

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हादसे के कारणों और जिम्मेदारियों की गहनता से जांच कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। प्रशासन का कहना है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही बरतने वाले व्यक्तियों या विभागों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मंत्री राकेश सिंह ने जताया शोक, सहायता राशि की घोषणा-

हादसे की जानकारी मिलते ही लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने इसे एक हृदय विदारक घटना बताते हुए कहा कि यह पूरे शहर के लिए एक दर्दनाक क्षण है। मंत्री श्री सिंह ने कलेक्टर से चर्चा कर पीड़ित परिवारों की तत्काल सहायता सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसाइटी से दोनों परिवारों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाए। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासनिक और तकनीकी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### इलाके में गमगीन माहौल-

बरगी हिल्स का इलाका और आसपास के मोहल्लों में यह हादसा चर्चा का विषय बना हुआ है। दुर्गा पंडाल के बाहर जहां रौनक और उत्साह का माहौल था, वहां मातम छा गया। मोहल्ले के लोग बच्चों की असमय मृत्यु को अब तक स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। गली-मोहल्लों में मातम पसरा है और हर आंख नम है।

**सुरक्षा इंतजाम को लेकर आक्रोश-**

स्थानीय लोगों का कहना है कि त्योहारी सीजन में जगह-जगह पंडाल सजाए जाते हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजाम अक्सर लापरवाही का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसे बिजली के तार खुले क्यों छोड़े गए थे, जिनसे मासूमों की जान चली गई।

### जांच से उठेंगी परतें, जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज-

कलेक्टर द्वारा गठित जांच समिति अब यह पता लगाएगी कि घटना के पीछे तकनीकी खामी थी या मानवीय लापरवाही। प्रारंभिक चर्चा में माना जा रहा है कि सजावट में उपयोग किए गए तारों का सही ढंग से इंसुलेशन नहीं किया गया था और बारिश या नमी की वजह से उनमें करंट दौड़ गया। प्रशासन और पुलिस ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिलाया है। जांच दल की रिपोर्ट सामने आने के बाद यह साफ होगा कि इस हादसे का जिम्मेदार कौन है।

### जिम्मेदारी तय करने की मांग-

घटना के बाद नागरिक संगठनों और स्थानीय निवासियों ने आवाज उठाई है कि सिर्फ जांच कमेटी गठित करना काफी नहीं होगा। दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई परिवार ऐसी पीड़ा से न गुजरे।

## विकास की नई दिशा

# पश्चिम विधानसभा में 49 सीसी सड़कों की सौगात

हरिभूमि जबलपुर।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के त्रिपुरी और गढ़ा वार्ड में 49 नई सीमेंट कांक्रीट सड़कों का भूमिपूजन किया। करीब 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इन सड़कों का उद्घाटन क्षेत्रवासियों के बीच हुआ, जिससे लोगों को राहत मिलेगी और उनके आवागमन में सुधार होगा। समारोह के दौरान मंत्री श्री सिंह ने क्षेत्रवासियों से बात करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि विकास की गति लगातार तेज होगी और जनता की हर जरूरत को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा, जनता की आवाज को सुनना और उनके विकास के लिए काम करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

इन सड़कों के निर्माण से क्षेत्र में यातायात की समस्या दूर होगी और रहवासी क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इस परियोजना में 5 लाख से लेकर 1 करोड़ रुपये तक की सड़कों का निर्माण होगा।




### नवीन विकास योजनाओं का ऐलान

श्री सिंह ने पश्चिम विधानसभा में आगामी विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में 21 करोड़ रुपये के नए विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। इस दौरान उन्होंने जबलपुर शहर में प्रस्तावित पांच नए फ्लाईओवरों की भी जानकारी दी, जिनमें से तीन पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में बनेंगे।

### जबलपुर के लिए बड़े प्रोजेक्ट्स

लोक निर्माण मंत्री ने जबलपुर में प्रदेश के सबसे बड़े फ्लाईओवर के निर्माण का जिक्र करते हुए बताया कि शहर के यातायात को सुगम बनाने के लिए दो रोप-वे परियोजनाओं की स्वीकृति भी मिल चुकी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य शहर में यातायात को तेज और सुविधाजनक बनाना है। साथ ही, मदनमहल पहाड़ी पर वन्य प्राणियों के लिए रेस्क्यू सेंटर और जू भी बनाया जाएगा, जिससे पर्यटन और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

### गौरीघाट में नर्मदा घाटों का सौंदर्यीकरण

श्री सिंह ने नर्मदा घाटों के सौंदर्यीकरण की योजना का भी उल्लेख किया, जिसमें गौरीघाट को एक प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा, यह घाट देश में नर्मदा के किनारे बने खूबसूरत घाटों में सबसे पहला होगा, जो पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

### समारोह में उपस्थित प्रमुख लोग

इस समारोह में नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र, प्रणय और क्षेत्र के सभी पार्षद तथा गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



### शिविर में 400 से ऊपर अधिवक्तागणों का नेत्र परीक्षण किया गया

# हाई कोर्ट बार एसोसिएशन में निःशुल्क नेत्र शिविर सम्पन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में दादा वीरेंद्रपुरी नेत्र संस्थान (देवजी नेत्रालय) और बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में नेत्र कांचियाबिंद स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन मप्र उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अन्य सभी गणमान्य न्यायाधीश, अधिवक्तागण तथा बार एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में देवजी नेत्रालय की टीम द्वारा 400 से ऊपर अधिवक्तागणों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें से 30 अधिवक्ताओं को मोतियाबिंद और 43 को आँख का प्रेशर बढ़ा होने के कारण कांचियाबिंद स्क्रीनिंग के लिए चुना गया। डॉ. पवन स्थापक ने कांचियाबिंद के कारण अंधत्व पर प्रकाश डाला एवं अत्याधिक स्क्रीन टाइम होने के कारण आंख में बढ़ते सूखेपन की गंभीरता को बताते हुए सावधानियाँ बताई।

मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनायें दी।

देवजी नेत्रालय की टीम से डॉ. अपूर्वा स्थापक, डॉ. प्रिया जैन, रामसेवक दीक्षित, दीपक यादव और नरेंद्र मालवीय उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड. धन्य कुमार जैन, सेक्रेटरी एड. पारितोष त्रिवेदी, एड. अमित जैन, एड. प्रशांत अवस्थी, एड. योगेश सोनी, एड. राजेंद्र प्रताप सिंह, एड. रजनीश उपाध्याय, एड. मनोज कुशवाहा, एड. सपना तिवारी, एड. विनोद मिश्रा, एड. गरिमा तिवारी, एड. रविंद्र प्रताप सिंह, एड. प्रियंक चंसोरिया, एड. स्मिता केहरी और एड. अपर्णा स्थापक का सहयोग रहा।




# सेवा पखवाड़ा अभियान व एनएसएस स्थापना दिवस पर किया पौधारोपण

**जबलपुर।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा महाविद्यालय जबलपुर में मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान एवं एनएसएस स्थापना दिवस के अवसर पर 24 सितम्बर 2025 को पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार एमएस चावला एवं प्राचार्य डॉ. आरएस चंडोक ने आंवले का पौधा रोपित किया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि एनएसएस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इसका आदर्श वाक्य "Not Me But You" विद्यार्थियों को निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा की प्रेरणा दता है। कार्यक्रम का सफल संयोजन एनएसएस इकाई द्वारा किया गया, जिसमें सभी प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक डांस प्रतियोगिता 28 सितम्बर को



**जबलपुर।** डांस स्पोर्ट्स जबलपुर जिला एसोसियेशन ने बताया कि अब डांस भी ओलंपिक में आ चुका है। जिला डांस स्पोर्ट्स के अध्यक्ष विवेक रंजन शुकला व सचिव मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 28 सितम्बर को जबलपुर डिस्ट्रिक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बच्चों की निःशुल्क एंट्री रखी गई है। सिर्फ रजिस्ट्रेशन शुल्क 100 रुपये देय होगा। प्रतियोगिता मानकुंवर मैरिज गार्डन आईटीआई में प्रातः 08 बजे से आरंभ होगी।

### जनेकृविवि के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह के तहत प्रतियोगिताएं

# कृषि कॉलेज में वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में मंगलवार को वाद-विवाद एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था "वैश्विक व्यापार युद्ध में भारत की टैरिफ नीति देश की ढाल है" जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने वाद-विवाद के विषय पर तार्किक एवं प्रभावशाली तर्क रखकर वातावरण को जीवंत बना दिया। इसके साथ ही, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता एवं कलात्मक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। रंग-बिरंगे पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक, कृषि एवं समसामयिक मुद्दों को उजागर किया।

गौरतलब है कि जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय,जबलपुर के 62वें स्थापना दिवस सप्ताह अंतर्गत विद्यार्थियों की स्नातक स्तर पर महाविद्यालयीन स्तर पर वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थी बढ़चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, इन प्रतिभागियों का चयन विश्वविद्यालयीन स्तर की प्रतियोगिता हेतु होगा। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक संयोजक डॉ. बी.एस.द्विवेदी एवं डॉ.ए.एन. गौतम द्वारा किया गया।

### खड़े ट्रक से बैटरी और टर्निमल चोरी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत रिलायंस जियो में खड़े एक ट्रक का जैक, 2 बैटरी तथा टर्निमल अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एलआईसी रतननगर रोड एकता विहार गढ़ा निवासी 66 वर्षीय ट्रांसपोर्ट व्यापारी सुनील कुमार गुप्ता गत सुबह लगभग 8 बजे रिलायंस जियो पेट्रोल पंप के पास अपना टाटा ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 99335 को निकालने गये थे। जैसे ही ट्रक को देखा तो देखा तो उनके होश उड़ गए।



# मॉडल हेल्थ क्लब की सफलता

**जबलपुर।** विगत दिवस जिला पॉवर लिफ्टिंग बेंच प्रेस/डेड लिफ्ट आमंत्रण स्पर्धा में मॉडल हेल्थ क्लब शांतिनगर के समस्त विजयी प्रतिभागियों को पूर्व MIC एवं पूर्व पार्षद श्रीराम शुक्ला एवं डॉ. बलराम पटेल, श्रीमती संगीता बलराम पटेल के आतिथ्य में स्वर्ण पदक विजेता सुश्री रूपाली परोहा, अनिल कुमार नामदेव, शैलेष यादव, निखिल चौधरी, शिवम पटवा, कृष्णा पटवा एवं आदित्य सांगले का सम्मान किया गया एवं अनिल नामदेव के द्वारा प्रशिक्षक सचिन यादव को 1551/- की पारितोषिक राशि देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर श्रीराम शुक्ला ने अपने आशीर्वचन में समस्त विजेताओं की प्रशंसा की एवं आगे भी ऐसे आयोजनों को कराने हेतु सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ए.के. दुबे, ब्रज यादव, जगदीश चौहटेल, पंकज यादव, डैनी बुंदेला, मनीष यादव, बंटी लालवानी, राजेन्द्र प्रजापति, आशीष गुप्ता, क रिण नामदेव, पवन जैन एवं रत्नेश नामदेव आदि ने समस्त विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

# आदि कर्मयोगी योजना अभियान की द्वितीय बैठक आयोजित



**सिहोरा।** जनपद पंचायत सिहोरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गांधीग्राम में जनजाति बहुल ग्राम धमकी में आदि कर्मयोगी योजना अभियान के तहत द्वितीय ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ग्राम सभा में सभी ग्राम वासियों को आदि कर्म योगी योजना अभियान की सम्पूर्ण जानकारी दी गई साथ ही शत प्रतिशत सैचुरेशन के लिए सभी अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की जानकारी के साथ ही विजन 2030 पर भी चर्चा की।

ग्राम का नजरी नक्शा तैयार कर सामाजिक बसाहट एवं ग्राम में उपलब्ध संसाधन को चिन्हित किया गया था उसका ट्रांजिट वॉक किया गया,ग्राम वासियों को योजनाओं का लाभ देने हेतु चिन्हित किया गया साथ ही ग्राम विकास विजन के कार्यों का चयन हेतु एक विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई ट्रांजिट विजिट में आदि केंद्र खुलने के लिए भवन का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सरपंच राधा विवेक चौरसिया, सचिव अनिल दत्त तिवारी, सहायक सचिव प्रमोद साहू, कृषि विस्तार अधिकारी बृजभान अहिरवार, शिक्षक राजेंद्र तिवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उर्मिला पांडे, आशा कार्यकर्ता शकुन बाई पटेल, पंच सुशीला बाई ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ाः बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित

**पाटन।** पाटन तहसील के नम्रता स्पेशल स्कूल में सेवा पखवाड़ा के तहत बौद्धिक दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाटन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय बिश्नोई रहे, जिन्होंने इन बच्चों को **MSID** किट, व्हीलचेयर, और वॉकर जैसी सहायक सामग्री प्रदान की।



विधायक अजय बिश्नोई ने समाज सेवक नितिन विश्वकर्मा और नम्रता संस्था की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोगों की मेहनत और समर्पण दिव्यांग बच्चों के लिए बहुत बड़ी मदद साबित होती है। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि वे भी अपने आस-पास के दिव्यांग बच्चों को गोद लेकर उनकी मदद करें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आनंद मोहन पल्हा ने भी दिव्यांग बच्चों की सहायता करने की अहमियत पर बात की और उनके आस-पास रहने वाले बच्चों को गोद लेने की अपील की।

# आवारा पशुओं के कारण बढ़ रही दुर्घटनाएं



**मझौली।** नगर में हर शाम मुख्य मार्गों पर आवारा पशुओं की धमा चौकड़ी से लगातार दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। सीहोरा रोड, बचैया तिराहा, इंद्रना रोड, पोला रोड, और कटंगी रोड जैसे प्रमुख मार्गों पर पशुओं के बैठने और चलने से वाहन चालकों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी और डॉ. विजय नेमा ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद से इस समस्या की कई बार शिकायत की है। उनका कहना है कि नगर परिषद के हांका गैंग द्वारा इन पशुओं को नगर से बाहर करने के प्रयास औपचारिकता बनकर रह जाते हैं। इसके अलावा, नवरात्र के दौरान जगह-जगह स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के कारण खतरा और बढ़ गया है, क्योंकि अब और अधिक लोगों की आवाजाही बढ़ गई है। नगर परिषद से दुर्गा प्रतिमाओं के पंडाल संचालकों ने भी मांग की है कि रोज शाम को हांका गैंग के द्वारा आवारा पशुओं को नगर से बाहर किया जाए, ताकि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को रोका जा सके। मझौली के पास स्थित हटौली ग्राम पंचायत में शासकीय गौशाला होने के बावजूद आवारा पशु वहां नहीं पहुंच पाते। इस संबंध में एक समाधान का प्रस्ताव यह है कि सभी आवारा पशुओं को शासकीय गौशाला तक पहुंचाया जाए। इस पहल से न केवल नगर की सुरक्षा में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी राहत मिलेगी।



# विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**सिहोरा।** शिक्षा के अलावा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा अनेक तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाता है उसी कड़ी में गत दिवस शालेम इंग्लिश मीडियम स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षावार आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 10 वी की छात्रा सृष्टि कुर्मी ने प्रथम,छवि चौहान ने द्वितीय,श्रेया पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया संस्था प्रमुख एम भास्करन ने छात्राओं को बधाई दी।

### *शिक्षिका के सूने घर का ताला तोड़कर जेवर व नगदी चोरी*

**जबलपुर।** खमरिया थाना अतंर्गत कुंडम रोड आमाखोह में एक शिक्षिका के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर व नगदी रुपए चोरी कर ले गए। खमरिया पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुण्डम रोड आमाखोह निवासी 28 वर्षीय शिक्षिका श्रीमति जयंती यादव गत दिवस ब्रिलियंट कान्वेंट स्कूल से लगभग 2 बजे अपने घर आई और घर के सामने वाला दरवाजे का ताला खोलकर आराम करने लगी। कुछ देर बाद अपने कमरे में गई तो देखा कमरे के पीछे का दरवाजा खुला था। अलमारी चैक करने पर अलमारी में चाबी लगी हुई थी और लॉकर में रखे चांदी की एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछिया, एक चूड़ी, 1 अंगूठी, 1 नग हाफ करधन, 1 जोड़ी हाय तथा नगदी 2 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**डॉ. सी.बी. सिंह-** जेएनकेविवि के पूर्व संचालक विस्तार सेवाएं एवं पूर्व अधिष्ठाता से वा नि वृ त्त प्राध्यापक डॉ. सी. बी. सिंह का बुधवार को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



**श्रीमती बच्ची बाई गुप्ता-** बजरंग नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री विनोद गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती बच्ची बाई गुप्ता (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लल्लू पासी-** शीतलामाई पुत्री शाला के पास निवासी ओएफके से सेवानिृत्त श्री लल्लू पासी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रवि स्वामी-** गोरखपुर ईसाई मोहल्ला निवासी श्री रवि स्वामी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरविंद खंडेलवाल-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री अरविंद खंडेलवाल (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री प्रमोद कुमार तिवारी-** हाथीताल गुरूद्वारा के सामने निवासी श्री उमा शंकर तिवारी के पुत्र श्री प्रमोद कुमार तिवारी (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती फूलवती सोनकर-** भरतीपुर बड़ी ओमती निवासी श्री दिलीप सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती फूलवती सोनकर (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजाराम यादव-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री राजाराम यादव (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम लाल बेन-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री श्याम लाल बेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मुन्नी-** रामपुर पटेल मोहल्ला निवासी श्री बाबू लाल की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती शोभा बाई बंशकार-** प्रेमसागर शीतलामाई रोड निवासी श्री प्रेमी बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा बाई बंशकार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गरूड़ भूषण विश्वकर्मा-** सन्मति नगर अंधुवा बायपास निवासी श्री बीबी विश्वकर्मा के पुत्र श्री गरूड़ भूषण विश्वकर्मा (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरोज-** बेलबाग महर्षि अरविंद वार्ड निवासी श्री ठाकुर दीन डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री प्राची मेहरा-** गौतम नगर महाराजपुर निवासी श्री अनिल कुमार की पुत्री सुश्री प्राची मेहरा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गेंदा बाई बंशकार-** गणेश चौक सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री बिसराई बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती गेंदा बाई बंशकार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम भरोसे साहू-** कुदवारी अमखेरा निवासी श्री राम भरोसे साहू (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशन लाल चौधरी-** कांचघर झंडा चौक निवासी श्री किशन लाल चौधरी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री चंद्रभान सिंह-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री चंद्रभान सिंह (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जुगराज चौधरी-** बाबा टोला जानकीदास मंदिर के पास निवासी श्री जुगराज चौधरी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## जिले के 3500 युवाओं को मिला रोजगार, मुख्यमंत्री ने सौपे नियुक्ति पत्र

# सीएम ने किसानों की खुशहाली के लिये दिये धान प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट जिला सौभाग्यशाली है, क्योंकि इसे भगवान का आशीर्वाद मिला है। पहले लोग बालाघाट के नाम से ही घबराते थे और यहां आने के लिये विचार करते थे। कभी क्षेत्र के युवा रोजगार की तलाश में भटकते हुए गलत राह पर चल पड़े थे, लेकिन अब समय बदल गया है। उन्होंने कहा कि यहां के किसानों और जवानों के खून-पसीने से क्षेत्र की तस्वीर बदली है और विकास की नई राहें खुली हैं। प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार और सम्मानजनक जीवन देने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बालाघाट जिले के कटंगी में मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना के अंतर्गत धान उत्पादक किसानों को प्रोत्सांहन राशि वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना अंतर्गत प्रदेश के 669272 किसानों के खाते में 337.12 करोड रुपये के धान प्रोत्साहन राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया। उन्होंने 244 करोड 52 लाख रुपये के 78 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया तथा जिले के ग्रामीण व नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 3500 युवाओं को प्रायवेट कम्पनियों में नियुक्ति के पत्र सौपें। कार्यक्रम में बालाघाट, मण्डला, डिण्डौरी जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 815 युवाओं को विशेष सहयोगी दस्ता में नियुक्ति के पत्र दिये गयें। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी तथा परिवहन व स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पीएचई मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार करहि, मप्र पिछडा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, रामकिशोर कावरे, प्रदीप जायसवाल, लोचनलाल ठाकरे, पूर्व विधायक रमेश भटेरे, भगतसिंह नेताम, जिला पंचायत सदस्य, कृषि विभाग के अतिरिक्त प्रमुख सचिव अशोक वर्णवाल, जबलपुर संभाग के कमिश्नर धनंजय सिंह, कलेक्टर मृणाल मीना सहित अन्य जनप्रतिनिधी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बालाघाट, मण्डला एवं डिण्डोरी जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 815 युवाओं को पुलिस में विशेष सहयोगी दस्ता के पद पर नियुक्ति कर न केवल उनका भविष्य सुरक्षित किया जा रहा है, बल्कि क्षेत्र की रक्षा और सुरक्षा व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय लोगों से बेहतर अपने क्षेत्र को कोई नहीं जानता, इसलिए उनकी भागीदारी से विकास और सुरक्षा दोनों मजबूत होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में प्रदेश और देश से नक्सली गतिविधियों को समाप्त करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मार्च 2026 तक नक्सली गतिविधियों का पूरी तरह अंत हो जाएगा और शांति एवं समृद्धि का वातावरण स्थापित होगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की महिलाएं लाड़ली बहना योजना की राशि से परिवार की जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और घरेलू खर्चों में इसे लगाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना में बहनों को मिलने वाली 1250 रुपए की राशि को दिवाली के त्योहार के बाद 1500 रुपए कर दिया जाएगा।

### जिसके घर गाय वह गोपाल – मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध है और इसके लिये विशेष कानून बनाया गया है। नए कानून के तहत गौ हत्या करने या इसमें संलिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौ वंश की तस्करी करने वालों को जेल भेजा जा रहा है और उनके वाहनों को राजसात किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में गौ पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। "जिसके घर गाय वह गोपाल" की परिकल्पना के तहत 25 से अधिक गायों का पालन करने वाले व्यक्तियों को 40 लाख रुपये तक का ऋण तथा 10 लाख रुपये तक का अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी तरह गौशालाओं में भी प्रति गाय 40 रुपये अनुदान राशि प्रदान कर गौ संरक्षण और प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### मुख्यमंत्री ने की विभिन्न घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में क्षेत्रीय विधायक श्री गौरव सिंह पारधी की मांग पर अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्यों की घोषणाएँ की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ग और क्षेत्र के संतुलित विकास के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कटंगी–सिवनी सडक मार्ग पर खिड़कीघाट में उच्च स्तरीय पुल, कटोरी–भोरगढ़ पंचायत मार्ग, खमरिया–बिसापुर, कोडबी–महकेपार, कटेदरा–मानेगांव, बोपली–कटेरा तथा दिग्धा-कोडबी मार्ग सहित नंदलेसरा–अतरी मार्ग पर चनई नदी पर पुल एवं बिछुवा–चंदाडोह मार्ग पर पुल निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए कतरकना व दुधारा में स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण तथा नवेगांव, टेकाड़ी तथा लिंगापौनार के हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने और कटंगी नगरीय क्षेत्र के तालाब के उन्नयन कार्य हेतु 10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कटंगी क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिये राजीव सागर परियोजना से नहलेसरा बांध की इंटरलिंकिंग परियोजना का परीक्षण कर कार्य कराया जाएगा। उन्होंने नेशनल पार्क से लगे किसानों के खेतों की फसलों की जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए सोलर फेंसिंग लगाने की घोषणा की। उन्होनें पिछले दिनों वन्य जीवों के कारण मृत व्यक्तियों के परिजनों को पूर्व में दी गई 8-8 लाख रुपये की आर्थिक सहायता के अतिरिक्ति 17-17 लाख रुपये राशि प्रदाय करने की घोषणा की। मंचीय कार्यक्रम के पहले मुख्य मंत्री डॉ. यादव एवं अन्य अतिथियों ने कन्या पूजन, भगवान बलराम जी की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किये। कार्यक्रम में बने रैम्प मे चलकर उन्होनें किसानों पर पुष्प वर्षा की एवं उनका अभिवादन किया।

---

## फर्जी एनओसी लगाकर ठेकेदार को किया भुगतान

# पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन ईई और ठेकेदार पर ईओडब्ल्यू में एफआईआर दर्जः 2.59 करोड़ की रॉयल्टी हेराफेरी

रीवा।

लोक निर्माण विभाग में फर्जी दस्तावेजों के सहारे करोड़ों रुपये की खनिज रॉयल्टी में हेराफेरी का मामला सामने आया है। जिसमे आर्थिक अपराध अन्वेषण संगठन (ईओडब्ल्यू) ने सतना के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी और दिल्ली की ठेकेदार कंपनी मे. एसआर कंस्ट्रक्शन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। फर्जी एनओसी के माध्यम से 2.59 करोड़ रुपये की राशि ठेकेदार को गलत तरीके से भुगतान की गई। मामला वर्ष 2017 का है, जब सीआरएफ योजना के तहत रीवा और सतना जिले की सीमा पर स्थित गांवों को जोड़ने के लिए 46.70 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क सेमरिया बनकुइयां मार्ग से गाजन, मझियार, बक्रिया, लौलाछ, मगरवार, भटिगवां, खाम्हा, किडवरिया इटौरा, मैनपुरा, अकौना, टिकरी, खमरिया, गौरैया मार्ग का निर्माण



कराने के लिए एसआर कंस्ट्रक्शन को कार्य दिया गया था। निर्माण कार्य तय समय पर पूरा न होने के कारण विभाग ने 2.59 करोड़ रुपये की राशि रोक ली थी। बाद में ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण करने का दावा कर भुगतान की मांग की गई। जांच में सामने आया कि सतना के तत्कालीन कार्यपालन यंत्री मनोज द्विवेदी ने ठेकेदार के साथ मिलीभगत कर खनिज विभाग रीवा का फर्जी एनओसी पत्र दस्तावेजों में संलग्न किया। इसके आधार पर रुकी हुई 2.59 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया। जबकि जांच में स्पष्ट हुआ कि ऐसी कोई एनओसी रीवा खनिज विभाग द्वारा जारी ही नहीं की गई थी। रीवा कलेक्टर ने भी पत्र के माध्यम से इस बात की पुष्टि की। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 120बी (षड्यंत्र), 409 (सरकारी धन का दुरुपयोग), 467, 468, 471 (जालसाजी से जुड़े अपराध) के तहत मामला दर्ज किया है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7सी, 13(1) ए, एवं 13(2) भी शामिल की गई है।बॉक्स 3.30 करोड़ की रॉयल्टी मे हेराफेरी , जांच में 2.59 करोड़ की पुष्टिशिकायत में यह आरोप लगाया गया था कि इस फर्जीवाड़े से विभाग को कुल 3.30 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। हालांकि ईओडब्ल्यू की शुरुआती जांच में 2.59 करोड़ रुपये की हेराफेरी की पुष्टि हुई है। मामले की शिकायत रीवा के सामाजिक कार्यकर्ता बीके माला द्वारा की गई थी। इसके पहले संभागायुक्त ने भी सतना और रीवा के कलेक्टरों से रिपोर्ट तलब की थी, जिसमें अनियमितता की पुष्टि हुई थी।बाक्स खनिज रॉयल्टी जमा नहीं, फिर भी कर दिया भुगताननियमों के अनुसार, सड़क निर्माण में उपयोग की गई गिट्टी (2.06 लाख घनमीटर) और बालू (73 हजार घनमीटर) की रॉयल्टी राशि को ठेकेदार को विभाग के पास जमा करना होता है। लेकिन उक्त राशि जमा कराने के बजाय ठेकेदार ने फर्जी खनिज अनुमति पत्र प्रस्तुत कर दिया, जिससे विभाग ने बिना सत्यापन के भुगतान कर दिया।बॉक्स रीवा में भी हो चुकी पदस्थापना, अन्य मामलों की जांच भी जारीगौरतलब है कि मनोज द्विवेदी रीवा में भी कार्यपालन यंत्री के पद पर पदस्थ रह चुके हैं। उनके कार्यकाल से जुड़े अन्य कई मामलों की शिकायतें भी पहले की जा चुकी हैं, जिनकी जांच अभी भी लंबित है। ऐसे में इस मामले के अलावा भी उनके खिलाफ अन्य आरोपों की परतें खुलने की संभावना जताई जा रही है।

### मैहर मेले के लिए 13 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें शुरू

**मैहर।** नवरात्रि मेले के दौरान भक्तों की सुविधा के लिए रेलवे ने कटनी साउथ और सतना के बीच 13-13 ट्रिप वाली अनारक्षित मैहर मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। यह ट्रेनें 24 सितंबर से 6 अक्टूबर, 2025 तक चलेंगी। ट्रेन संख्या 09015 (कटनी साउथ से सतना): यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह 5:05 बजे कटनी साउथ से चलेगी और 8:50 बजे सतना पहुंचेगी। रास्ते में यह पटवारा,झुकेही,पकरिया रोड, अमदरा,घुनवारा,भदनपुर,मैहर,उंचेहरा और लगरगवां स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09016 (सतना से कटनी साउथ): यह ट्रेन प्रतिदिन रात 7:25 बजे सतना से चलेगी और 11:50 बजे कटनी साउथ पहुंचेगी। यह भी उन्हीं स्टेशनों पर रुकेगी। इन ट्रेनों में सामान्य श्रेणी और एसएलआरडी कोच उपलब्ध हैं। समय-सारणी की अधिक जानकारी के लिए आप रेलवे हेल्पलाइन 139 या वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं।

---

# शादी के नाम पर हाई-टेक ठगी



**शहडोल।** शादी के नाम पर हाई-टेक ठगी का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस की तत्परता और साहस सराहनीय रही। गुरु नानक चौक स्थित फर्जी मैरिज ब्यूरो सात फेरे रिश्ते प्वाइंट के मास्टरमाइंड योगीराज समेत उसके दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कानून का पालन सुनिश्चित किया। इस कार्रवाई से जिले में आम जनता का विश्वास बढ़ा और अपराधियों के खिलाफ प्रशासन की सजगता सामने आई। जिले की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र की पोल खुलकर सामने आ चुकी है, गुरु नानक चौक स्थित एक होटल से सात फेरे रिश्ते प्वाइंट नामक फर्जी मैरिज ब्यूरो संचालित किया जा रहा था, जहां शादी जैसे पवित्र रिश्ते को ठगी का जरिया बना दिया गया। हाई-टेक गैंग न सिर्फ भोले-भाले युवाओं से लाखों रुपए ऐंठ रहा था बल्कि आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इसे संगठित कारोबार की शक्ल दे चुका था। इस ठगी का पर्दाफाश तब हुआ जब सत्य प्रकाश गुप्ता से 1 लाख रुपए लेकर शादी की व्यवस्था नहीं की गई। विरोध करने पर 60 हजार वापस किए गए और 40 हजार हड़प लिए गए। मामला थाने पहुंचा और पुलिस हरकत में आई। छापेमारी में लैपटॉप, डेस्कटॉप और 24 से अधिक मोबाइल फोन बरामद हुए। मास्टरमाइंड योगीराज बिलासपुर फरार है, जबकि उसके साथी शिवम साहू बिलासपुर और दामेंद्र साहू मुंगेली गिरफ्तार हो चुके हैं। शुरुआती जांच में सामने आया है कि सैकड़ों युवक-युवतियां इस गिरोह का शिकार हुए हैं। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आए दिन बाहरी लोग कई तरह के धंधे खड़े कर देते हैं। कोई फर्जी फर्म खोलकर लोगों को लूटता है, तो कोई गैंग चलाकर अपराध करता है, लेकिन सबसे बड़ी चूक पुलिस और प्रशासन की है, जो कभी भी इनका सत्यापन नहीं कराता। आखिरकार जिले में कौन आ रहा है, कहां ठहर रहा है और किस काम से आया है, यह जानना क्या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है?

**दिन में भिक्षा, रात में रहस्य** : वर्तमान में जिला मुख्यालय की हालत इतनी खराब है कि सडकों पर आम आदमी का खड़ा होना मुश्किल हो गया है। हर चौक-चौराहे पर भीख मांगने वाले गुटों ने डेरा डाल रखा है। दिन में यह लोग भिक्षा मांगते हैं, लेकिन रात में ये कहां जाते हैं, किसके साथ रहते हैं और इनकी वास्तविक पहचान क्या है, इसका कोई रिकॉर्ड प्रशासन के पास नहीं है। अगर जानकारी है, तो फिर सवाल यह है कि इन्हें सडकों पर क्यों छोड़ दिया गया है? **जिम्मेदार विभागों पर सवाल**: ठगी करने वाले कथित मैरिज ब्यूरो और फर्जी फर्मों का पंजीयन कहां हुआ और किसकी निगरानी में हुआ? श्रम विभाग ने कभी जांच की? नगर निगम और सामाजिक न्याय विभाग की जिम्मेदारी थी कि भीख मांगने वालों की मानिटरिंग करे, लेकिन यहां किसी विभाग को अपने कर्तव्यों की सुध तक नहीं है। नतीजा यह है कि जिला मुख्यालय अपराधियों, फर्जी फर्मों और भिक्षा माफियाओं का अड्डा बनता जा रहा है। **जरूरी है सख्त कदम** : अब वक्त आ गया है कि जिला प्रशासन न सिर्फ ऐसे हाई-टेक ठग गिरोहों को पूरी तरह खत्म करे, बल्कि भीख मांगने वालों के खिलाफ भी कठोर कदम उठाए। इसके लिए जिला स्तर पर समर्पित सेल बनाई जानी चाहिए, जो बाहरी लोगों का सत्यापन करे, फर्जी फर्मों की पहचान करे और सडकों को भीख मांगने वालों से मुक्त कराए। यदि प्रशासन ने अभी भी आंखें मूंदे रखीं, तो शहडोल आने वाले दिनों में अपराधियों और ठगों का गढ़ बन जाएगा। यह घटना सिर्फ एक फर्जी मैरिज ब्यूरो तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जिले की नाकामी, लापरवाही और भ्रष्ट तंत्र का आईना है, जिसे तोडना अब अनिवार्य हो गया है।

### 20 बच्चों को आग से सुरक्षित बाहर निकाला

**सतना।** दिदौध ग्राम पंचायत स्थित रजहरा भठिया शासकीय प्राथमिक स्कूल में बुधवार को आंगनबाड़ी केंद्र के किचन में दोपहर के समय गैस सिलेंडर में अचानक आग लग गई। कर्मचारियों ने बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया सूचना मिलते ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका ने तुरंत किचन के पास मौजूद करीब 20बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी दी गई। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद कोठी थाना टीआई गिरिजा शंकर बाजपेई अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए एक कंबल को पानी में भिगोकर जलते सिलेंडर पर डाल दिया। इस तरह आग पर काबू पाया गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की। सिलेंडर में आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### नाबालिग से पैसे की लालच देकर करता था अश्लील हरकत

**शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाला और संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसमें एक स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा के साथ उसके स्कूल के पास रहने वाले व्यक्ति द्वारा अश्लील हरकत और बैड टच किए जाने का आरोप लगा है। पीड़िता के परिजनों ने यह जानकारी मिलने के बाद तुरंत थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।**

जानकारी के अनुसार, छात्रा ने अपने परिवार को बताया कि आरोपी उसे रुपयों का लालच देकर बार-बार मिलने का दबाव डाल रहा था। आरोपी का कथित कहना था कि अगर वह रोज उसके पास आएगी तो उसे प्रतिदिन पैसा मिलेगा। यह सनसनीखेज मामला तब सामने आया जब बच्ची ने अचानक स्कूल जाने से मना कर दिया। इसके बाद परिजन तुरंत पुलिस के पास पहुंचे और घटना की गंभीर शिकायत दर्ज करवाई। ब्यौहारी पुलिस ने बताया कि जांच पूरी गंभीरता और गोपनीयता के साथ चल रही है। आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम बनाई गई है, और पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि जैसे ही आरोपी पकड़ा जाएगा, उसे हिरासत में लेकर सख्त पूछताछ की जाएगी। इस घटना ने पूरे इलाके में सन्नाटा और चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस ने अभिभावकों और युवाओं से अपील की है कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना स्थानीय थाने को दें।

**इनका कहना है...**

यह मामला बहुत ही गंभीर है और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस पूरे क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा रही है ताकि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

**अभिषेक दीवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक**

---

# मैहर में भक्तों की उमंग, मां शारदा के दर्शन को उमड़ रही भीड़







सतना, मैहर।

शक्तिपीठ मैहर में नवरात्रि का महापर्व पूरे उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। मां शारदा के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है।नवरात्रि के पहले दिन से ही मैहर धाम में भक्तों का सैलाब देखने को मिल रहा है,जो दूर-दूर से मां के दर्शन और आशीर्वाद लेने पहुंच रहे हैं। सतना सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में भक्त मैहर पहुंच रहे हैं। सड़क मार्ग पर वाहनों और पैदल यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर मैहर की ओर जाने वाले रास्ते पर सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। कई श्रद्धालु अपनी आस्था और भक्ति का प्रदर्शन करते हुए पदयात्रा कर मैहर पहुंच रहे हैं,जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया है। प्रशासन ने भक्तों की सुविधा और सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।शहर के प्रवेश द्वारों पर पुलिस बल तैनात है और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए अतिरिक्त जवान लगाए गए हैं। मंदिर परिसर में भी भीड़ को नियंत्रित करने और दर्शनार्थियों की कतार व्यवस्थित करने के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। भक्तों के लिए पानी,शौचालय और चिकित्सा जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। नवरात्रि के दौरान मैहर की रातें भी जगमगा रही हैं।मंदिर परिसर और उसके आसपास रंग-बिरंगी रोशनी से सजावट की गई है,जो भक्तों को और भी आकर्षित कर रही है। सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं,जिनमें भजन,कीर्तन और देवी गीतों की प्रस्तुति हो रही है।यह सब मिलकर मैहर में एक अद्भुत और आध्यात्मिक माहौल बना रहा है। मां शारदा के दर्शन के लिए भक्तों की यह उमंग और उत्साह देखने लायक है। मैहर में भक्तों की यह भीड़ न केवल उनकी गहरी आस्था को दर्शाती है,बल्कि यह भी साबित करती है कि मां शारदा का दरबार सभी के लिए खुला है। जैसे-जैसे नवरात्रि आगे बढ़ रही है,मैहर में भक्तों की संख्या और भी बढ़ने की उम्मीद है। प्रशासन भी इसके लिए पूरी तरह से तैयार है और भक्तों को सुरक्षित और सुखद दर्शन सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

### नशीली कफ सिरप की तस्करी करते दो तस्कर गिरफ्तार

**रीवा।** नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर कर्चुलियान पुलिस ने अवैध रूप से नशीली कफ सिरप की तस्करी करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक एनएच 30 रोड ग्राम रोर ओवर ब्रिज के नीचे आरोपी विकाश उर्फ रिंशू शुक्ला पिता संतोष शुक्ला 22 वर्ष निवासी कोष्टा व अजय मिश्रा पिता सुरेश मिश्रा 29 वर्ष निवासी दुबहाई कला थाना मनगवां हाल-खुटेही थाना विश्वविद्यालय के कब्जे 34 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक काले रंग का बैग जब्त किया जिसकी तलाशी में 6 हजार रुपए से अधिक कीमत की 34 शीशी नशीली आनरेक्स कफ सिरप मिली है।

### मंदिरों में हो रहा भव्य श्रृंगार, सुबह से देर रात तक चहल पहल

# पंडालों में विराजी भवानी, भक्तों का लगा मेला

**जबलपुर।** नवरात्र पर्व पर माँ जगदम्बा की भक्ति में संस्कारधानी सराबोर है। देवी मंदिरों में भक्तिगीतों की स्वर लहरियां गूंज रही हैं। आज गुरुवार को नवरात्र की चतुर्थी तिथि है। चतुर्थी में माँ के चौथे रुप कूष्मांडा का पूजन किया जाएगा। पंचमी तिथि को प्रायः अधिकांश स्थानों पर जगत जननी की प्रतिमाओं की स्थापना कर ली जाएगी, और इसी के साथ ही माँ के विविध रुपों के दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का जनसैलाब सड़कों पर दिखाई देगा। गढ़ा फाटक और पड़ाव की महारानी के रुप में प्रसिद्ध माता महाकाली के दरबार में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। सुबह से ही पूजन अर्चन करने वालों का तांता लग जाता है जो देर रात तक जारी रहता है।

### माँ कूष्मांडा के पूजन से आयु, यश, बल की प्राप्ति

नवरात्र के चौथे दिन माता कूष्मांडा का पूजन मंदिरों एवं घरों में किया जाएगा। इस संबंध में पंड़ति पीएल गौतमाचार्य ने बताया कि नवरात्रि पर भगवती कूष्मांडा के पूजन का विशेष महत्व होता है और उन्हें सृष्टि की उत्पत्ति का कारक भी माना गया है, इसलिये माता कूष्मांडा को कुम्हड़ा अवश्य भेंट करना चाहिए, साथ ही मालपुआ एवं खीर का भोग भी लगाने से आयु, यश, बल एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है। भगवती कूष्मांडा अल्प सेवा से ही प्रसन्न हो जाती है। चौथे दिवस पर 5 वर्ष की कन्या को आमंत्रित कर वस्त्र एवं सौन्दर्य सामग्री भेंट करना चाहिए। इससे जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती है।



### बगलामुखी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश आस्था के केन्द्र बने

श्री बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ में शारदेय नवरात्र पर्व पर नित्यप्रति धार्मिक अनुष्ठान चल रहे है मां भगवती पीताम्बरा देवी का पूजन अर्चन एवं मां भगवती राजराजेश्वरी का विशेष पूजन किया जा रहा हैं। यहां मनोकामना अखण्ड ज्योति कलश आस्था व श्रद्धा का केन्द्र बने हुए है।सिद्धपीठ में बनी यज्ञशाला में 1001 भक्तों द्वारा अखण्ड ज्योति कलश मनोकामना पूर्ण करने के लिए प्रज्वलित की गई है। यज्ञशाला में विशेष पूजन अर्चन किया जा रहा है। वहीं मंदिर में मां बगुलामुखी की विशेष पूजा अर्चना ब्रह्मचारी चैतन्यानंद द्वारा की जा रही है। रात में प्रतिदिन महाआरती होती है। दिनभर मंदिर में भक्तों का मेला लगा रहता है। भक्तों से उपस्थिति की अपील प्रकाश द्विवेदी, मधु यादव, मनोज सेन आदि ने की है।



### सदर में डिज्नीलैंड परेड झांकी का निर्माण

श्री दुर्गा सेवा मंडल, आजाद चौक, सदर बाजार समिति के महामंत्री निशांत खंडेलवाल ने बताया कि अपने 79वे वर्ष के उपलक्ष्य में डिज्नीलैंड की परेड की भव्य झांकी का निर्माण कर रही है, जो विशेष तौर पर बच्चो के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस झांकी को थर्माकोल से 2 महीने के अथक प्रयासों से बनाया गया है, ये भव्य झांकी पंचमी के दिन से लोगो के दर्शनार्थ चालू की जाएगी।

## सदर रामलीला में राम वन गमन



**जबलपुर।** धनुष यज्ञ रामलीला सदर में बुधवार को राम वन गमन की लीला का मंचन किया गया। भगवान राम के वन प्रस्थान करने पर अयोध्या वासी दुखी हो जाते हैं सुमंत के साथ भगवान रथ पर बैठकर अयोध्या से वन की ओर चल देते हैं अयोध्या के नर नारी रथ का पीछा करते हैं बार-बार विनय करते हैं वनको ना ज ई आरती, आलोक मिश्रा डॉक्टर आलोक चंसोरिया अभिषेक चौकसे सीताराम कुरचानिया प्रवण अवस्थी संतोष तिवारी आशीष पाठक डॉक्टर शंकर पांडे संजय शुक्ला दिनेश शुक्ला ओम प्रकाश पाठक रजनीकांत अवस्थी आदि द्वारा की गई। आज, केवट संवाद दशरथ मरण लीला का मंचन किया जाएगा उपस्थिति की अपील धनंजय वाजपेई प्रचार संदीप चौकसे रवि महावर प्रकाश सोनी राहुल रजक नरेश तिवारी शारदा तिवारी सौरभ गौतम चमन धानुका सुभाष सिंह विजय पांडे निशांत शर्मा नितलेश बावरिया, प्रमेश सोनी आदि ने की है।



## गंगाजल से पखारे प्रभु श्रीराम के पैर

**जबलपुर।** गोविंदगंज रामलीला में विगत दिवस मंचित केवट प्रसंग की लीला में बनारस से आए गंगाजल से प्रभु श्रीराम, माताजानकी और अनुज लक्ष्मण के पाँव पखारे गए। केटव की निश्छलता की सजीव प्रस्तुति सराही गई। मंच से प्रस्तुत भजनों ने समां बांध दिया। केवट के साथ निषाद मिलन की लीला और फिर दशरथ मरण की लीला भी द्रवित कर गई।

**केवट प्रसंग में बही भक्ति की रसवर्षा, मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु**

### भक्तों ने की पुष्प वर्षा

केवट ने जब भगवान को गंगा पार कराई तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो सुध-बुध खो बैठे। मंच में नाव का संचालन दर्शनीय बन गया। शानदार संगीत, बढ़िया तकनीक और सुंदर अभिनय के कारण ये दृश्य यादगार बन गया। केवट का अभिनय पवन पांडे ने जीवंत कर दिया। वहीं निषाद के रूप में शंकर शर्मा, श्रीराम के रूप में ओम दुबे, सीता के रूप में विहान जोशी, लक्ष्मण के रूप में मानस पांडे, दशरथ के रूप में राकेश पाठक, सुमंत के रूप में प्रवीण तिवारी ने शानदार अभिनय किया।

### आज चित्रकूट सभा

अध्यक्ष पं. अनिल तिवारी ने बताया कि आज गुरुवार को रामलीला मंच पर भरत आगमन-चित्रकूट सभा की लीला मंचित की जाएगी। चित्रकूट से भरत श्रीराम की खड़ाऊं लेकर अयोध्या आएंगे। श्रीराम की खड़ाऊं चांदी से बनवाई गई है। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर रामलीला का दर्शन लाभ लेने की अपील की है।



## रामलीला गढा: सिद्ध मंच में हुआ राम विवाह एवं मंथरा कैकई संवाद लीला का मंचन

**जबलपुर।** श्री रामलीला समिति गढा.जबालीपुरम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के धनुष तोड़ने के उपरांत महाराज जनक ने चक्रवर्ती सम्राट दशरथ को बारात लेकर जनकपुरी बुलाया। श्री राम का विवाह भगवान शंकर के धनुष भंग होने के अधीन था परंतु धनुष भंग होने के साथ-साथ भरत, शत्रुघ्न एवं लक्ष्मण का विवाह भी संपन्न हुआ। महाराज दशरथ जनकपुरी पहुंचे तो विश्वामित्र जी ने जनक जी के आचार्य श्री सतानंद से शेष तीनों राजकुमारियों के विवाह का प्रस्ताव भी रखा। इस प्रकार सीता का विवाह श्री राम जी से, मांडवी का विवाह भरत जी से, उर्मिला का विवाह लक्ष्मण जी से एवं श्रुति कीर्ति का विवाह शत्रुघ्न से संपन्न हुआ। पांव पखरई कार्यक्रम में लेखराज सिंह मुन्ना भैया, स्थाई सदस्य सीताराम दुबे, डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता, पार्षद प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर भगवान राम व सीता मैया का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस वर्ष श्रीमती पूजा सतीश कोष्टा ने शक्ति के अभिनय करताओं को वस्त्र,आभूषण और मुकुट दान किए। समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री लोकराम कोरी, निर्देशक राजेश मिश्रा, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, शरद दुबे कुररिया, उमाशंकर मिश्रा, हरीश मनोध्याय, आदि पदाधिकारी स्थाई एवं आजीवन सदस्यों ने पांव पखरई कर भगवान राम का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत मंथरा कैकई संवाद की रोचक लीला का मंचन हुआ। जनक, कैकई, मंथरा एवं दशरथ के अभिनय कर्ता नितिन पटेल, राजेश परोहा,श्याम मिश्रा एवं मोती शिवहरे के अभिनय की सभी ने मुग्ध कंठ से सराहना की।आज गुरुवार को कैकई दशरथ संवाद, राम वन गमन, निषाद प्रसंग एवं केवट संवाद की रोचक लीला का मंचन होगा समस्त भक्त जनों से अनुरोध है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लीला का आनंद लें।



## ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद भी मरीजों ने किया गरबा

**जबलपुर।** हमारी संस्कारधानी जबलपुर में आयोजन किया गया गरबा नाइट 2025 का, जहां ऐसे मरीजों को शामिल किया गया जिनकी ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी डॉक्टर अमित जयकुमार जैन (कोट वाले) ने की है। जहां पर लगभग 400 से भी अधिक मरीज इस गरबे नाइट में शामिल हुए और उन्होंने संदेश दिया कि ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बाद भी वह पूरा लाइफ को इंजॉय कर सकते हैं, डांस कर सकते हैं और माता रानी की आराधना कर सकते हैं।ज्ञात हो 23 सितंबर 2025 दिन मंगलवार को इस गरबा नाइट का आयोजन, बोन एंड जॉइंट बैलेंस क्लीनिक डॉक्टर अमित जयकुमार जैन के द्वारा किया गया। मरीज को इनकरेज करने लिए हर साल की तरह इस साल भी गरबा एक्टिविटी का आयोजन किया गया।

## मप्र हाउसिंग बोर्ड समिति ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजा 51 लाख का बैंक ड्राफ्ट



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड विकास समिति, धनवंतरी नगर, जबलपुर द्वारा पंजाब बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु एकत्रित राशि का (51 लाख रुपये) बैंक ड्राफ्ट कलेक्टर, जबलपुर को सौंपा गया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक विक्रम गौतम, डॉ. अरुण मिश्रा, प्रदीप वाधवा, एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, रितेश सिंह, ओ.एन. मिश्रा, श्री गुप्ता सहित समिति के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समिति ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं समाजसेवियों का आभार व्यक्त किया है, जिनके सहयोग से यह महान कार्य संभव हुआ।

### संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता आज

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश श्रम कल्याण मंडल भोपाल द्वारा श्रमिकों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली संभागीय श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जबलपुर संभाग की श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता 25 सितम्बर को रांझी खेल मैदान, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे गोकलपुर रांझी में होगी। इसमें जबलपुर संभाग के कारखानों, स्थापनाओं में कार्यरत लगभग 800 श्रमिक खिलाड़ी भाग लेंगे। मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी सुनील जैन ने बताया कि श्रमिक खेलकूद प्रतियोगिता प्रातः 08 बजे से प्रारंभ होकर शाम 06 बजे तक चलेगी। प्रातः 8.30 बजे उद्घाटन व शाम 5.30 बजे पुरस्कार वितरण होगा। प्रतियोगिता में जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, मंडला, सिवनी, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा जिले के औद्योगिक संस्थाओं, स्थापनाओं, हॉस्पिटल, होटल, शोरूम आदि के 800 से अधिक श्रमिक कर्मचारी हिस्सा लेंगे।

## श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति की झांकी "द हॉरर ट्रैन" रहस्य और रोमांच से भरी

**जबलपुर।** माँ दुर्गा के पावन पर्व पर श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति, यादव कॉलोनी इस वर्ष अपनी 32वीं वर्षगांठ मना रही है। इस विशेष अवसर पर समिति ने भक्तों और दर्शकों को एक अद्भुत अनुभव देने का प्रयास किया है। समिति द्वारा इस बार प्रस्तुत की गई झांकी का नाम है "द हॉरर ट्रैन", जो पूरी तरह से रहस्य और रोमांच से भरी हुई है। समिति के अध्यक्ष रंजीत पटेल ने बताया कि इस वर्ष की झांकी का आधार पश्चिम बंगाल का दमदम स्टेशन है, जिसे भारत के सबसे रहस्यमयी और भूतिया स्टेशनों में गिना जाता है। झांकी में इस स्टेशन की भयावहता और रहस्य को सजीव कला और आधुनिक



तकनीक के माध्यम से दर्शाया गया है, ताकि दर्शक झांकी का अनुभव करते हुए रोमांचित और विस्मित महसूस करें। समिति के अन्य प्रमुख सदस्य, जिनमें संदीप पाठक, सोनू अग्रवाल, राहुल मिश्रा, राम पटेल, विन्नु शर्मा, अनिकेत चौरसिया, चिन्मय जोशी, आशीष शर्मा, राहुल पटेल, शरद पटेल, शेंकी पटेल, समर्थ मिश्रा, मयूर पटेल, राकेश पटेल, आकाश गुप्ता, राहुल कनोजिया आदि शामिल हैं, इस झांकी के निर्माण में सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## नगर निगम आउटसोर्स कर्मचारियों को वेतन देने महापौर, निगमायुक्त ने दिए निर्देश

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों ने अजाक्स संघ एवं नगर निगम अधिकारी, कर्मचारी संघ को अपने वेतन चार-पांच माह से भुगतान नहीं किए जाने के संबंध में अपनी परिस्थिति बताई, इस दौरान संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा एवं संघ के पदाधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू एवं निगम अध्यक्ष रिंकू विज एवं आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से चर्चा की जिस पर महापौर एवं निगमायुक्त ने संबंधित वित्त अधिकारी प्रशांत गोंटिया को तत्काल वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अजाक्स के अध्यक्ष अमित मेहरा, अक्षय कोरी, मन्नू पटेल, जगदीश नन्हेट, गुलशन जबलपुरी, कृष्णकांत रावत, राजेन्द्र मेहरा, आनंद राव सहित समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।



## स्वच्छता पखवाड़ा पर स्वच्छता बनाये रखने का संकल्प दिलाया

**जबलपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जाने वाले अभियान के क्रम में, संभाग क्रमांक 11 के वार्ड क्रमांक 65 में वार्ड पार्षद श्याम कनौजिया के नेतृत्व में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वार्ड के समर्पित सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्री कनौजिया ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सफाई मित्र समाज की रीढ़ हैं, जो स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से स्वच्छता की



शपथ दिलवाई और सभी को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प दिलवाया। इस दौरान सफाई मित्रों को उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने कार्य के दौरान व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों (पॉवर/मास्क, दस्ताने आदि) का नियमित उपयोग करने की समझाइश दी गई।

### सामाजिक कुरीतियों पर व्याख्यान संपन्न

**जबलपुर।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर पीडी अंजुमन इस्लामिया महिला महाविद्यालय में सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूकता से संबंधित व्याख्यान का आयोजन 23 सितम्बर को प्राचार्य डॉ. शबाना अंजुम एवं कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुधा भोला एवं राशिदा तबस्सुम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## बर्फानी सिक्यूरिटी का ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को नहीं दे रहा वेतन!

### भारतीय सफाई मजदूर संघ ने पुलिस कप्तान से की शिकायत

**जबलपुर।** भारतीय सफाई मजदूर संघ मप्र ने पुलिस कप्तान को ज्ञापन देकर बताया कि बर्फानी सिक्यूरिटी सर्विसेस का ठेकेदार रितेश टंडन काम कराने के उपरांत भी कर्मचारियों को वेतन नहीं दे रहा है, जिस पर कार्यवाही की जाए। बताया गया रितेश टंडन अपने ही नियम व शर्तों का उल्लंघन कर हम सफाई कर्मचारियों को निर्धारित वेतन से कम वेतन देता था, पूछने पर अभद्र व्यवहार और काम से निकालने की धमकी देता था। जून, जुलाई, अगस्त माह का वेतन काम के उपरांत भी नहीं दिया गया, हमने नगर निगम आयुक्त को वेतन प्राप्ति के लिए ज्ञापन दिया, तो रितेश टंडन हमें प्रताड़ित कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर रहा है और अपनी



पहचान बड़े-बड़े नेताओं और अधिकारियों से होने की बात कर कह रहा है कि कोई मेरा बाल भी बांका नहीं कर सकता, तुम नीच लोग मेरा क्या कर लोगे। अतः आपसे निवेदन है कि रितेश टंडन पर कार्यवाही कर हमें वेतन दिलाकर हमारी रक्षा की जाए। ज्ञापन देते समय अमर ग्रावकर, रंजीत समुद्रे, राजेश कछवाहा, सविता मोगरे, रेनु, प्रदीप, विकास, कार्तिकेय, राजकुमार, अजीत, रंजीत कुमार, मनको रान, जानकी बाई, रजनी मुठेल, सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कजरवारा में हुई विख्यात महाकाली की स्थापना

**जबलपुर।** जबलपुर के कजरवारा स्थित श्री महाकाली उत्सव समिति भीटा के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विख्यात कजरवारा की महाकाली को विराजमान किया गया। सर्वप्रथम बड़े ही धूमधाम से शोभायात्रा के माध्यम से ढोल, नगाड़े, डीजे, पुष्प वर्षा के साथ सड़क मार्ग से स्थापना स्थल तक माता रानी महाकाली को लाया गया जिसमें पूरा गांव सहित आजू-बाजू ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालुओं ने स्वागत अभिनंदन किया। श्री महाकाली उत्सव समिति भीटा के आयोजनकर्ताओं ने सभी भक्तजन श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि प्रतिदिन स्थापना स्थल पर पहुंचकर आरती में सम्मिलित हों एवं महाकाली का आशीर्वाद प्राप्त करें। महाकाली के स्वागत आगमन शोभायात्रा में क्षेत्रीय पार्षद कृष्णा चौधरी, संरक्षक मंतो पहलवान, समिति अध्यक्ष अविनाश चौधरी, संगठन मंत्री आनंद चौधरी, विवेक जसेले, शशि जसेले, नकुल गुप्ता, आशीष चौधरी, संतोष यादव, संतोष रजक, डॉक्टर अशोक यादव, विनय, अंकुश चौधरी, पवन रजक एवं समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/780/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय कुमार बैनर्जी S/o स्व. सुनील कुमार बैनर्जी निवासी-2180 निर्मल चंद जैन वार्ड कंचनपुर ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- निर्मित रकवा/ रकवा 2700 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु./ हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- 26/02/1996 मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।
प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.- निर्मित रकवा/ रकवा-2700 व.फु./ अवि. हिस्सा- व.फु.हे. / ग्राम -भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-52/1/8 रकवा-2700 व.फु./ हे. के नाम दर्ज है।
अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 06/10/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 17/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक-17/09/2025
पेशी दिनांक-06/10/2025
मुद्रा
तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

**नाम सुधार**
मैं, सुनिता चौधरी पत्नी श्री कमोद सिंह चौधरी उम्र 44 वर्ष निवासी ग्राम पलादेवरी, तहसील सोहागपुर, जिला होशंगाबाद (नर्मदापुरम) पोस्ट आफिस-बाहरनपुर, पिन कोड-461668 मध्य प्रदेश आधार कार्ड संख्या 6061 8329 9257। मुझ शपथकर्ती का नाम भारतीय सेना के दस्तावेजिक रिकार्ड में सुनिता बाई दर्ज हो गया है जो कि गलत व असत्य नाम है। मुझ शपथकर्ती के आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही व सत्य नाम सुनिता चौधरी है। सुनिता बाई एवं सुनिता चौधरी दोनों ही नाम की मैं एक मात्र महिला हूँ। अतः मेरा नाम भारतीय सेना के दस्तावेजिक रिकार्ड एवं अन्य सभी दस्तावेजों में सुनिता चौधरी दर्ज करे एवं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे। शपथ पत्र दिनांक -24/09/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर मप्र।
सही नाम- सुनिता चौधरी
गलत नाम-सुनिता बाई

**CHANGE OF NAME**
I, **RAKESH KUMAR** is legally Father of No **15437918X** Rank **NK** Name **HEMENDRA PRATAP SINGH** presently, residing at **VILL-FATEHGANJ EAST, PO- FATEHGANJ EAST, TEH-FARIDAPUR, DISTT-BAREILLY (UTTAR PRADESH)-24356** I, have changed of my name from **RAKESH KUMAR YADAV** (Name as per my SON, Army service records) to **RAKESH KUMAR** (name as per my **AADHAR CARD**) vide affidavit dated **24/09/2025** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)
**CORRECT NAME**
**RAKESH KUMAR**
**INCORRECT NAME**
**RAKESH KUMAR YADAV**

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/125
दिनांकः- 23/09/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति हरलीन कौर कोहली पति श्री मंदीप सिंह कोहली ने मकान नं. 834/P 597/1 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान खुली भूमि-405 व.फु. विक्रय प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्रां क्रं-स.अधि./13/मुख्यालय/2025-26/एम/124
दिनांकः- 23/09/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति राजवी महिधर पति श्री चेंतन महिधर ने मकान नं. 314 TO 316 शॉप नं. 07 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 344.8 व.फु. विक्रय प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर